buildings rented out to them by this Ministry. Necessary action is being taken towards recovery of the arrears.

The Government propose to look into these cases and take appropriate action after the examination is complete.

Uniform Service Conditions of Universities' employees

*417. SHRIMATI AHILYA P. RANGNEKAR: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether Government are considering to form uniform service conditions/rules for non-teaching employees of the Universities all over the country; and

(b) if so, when and details thereof?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के लेखों की लेखा-परीक्षा

*418 **श्री रघुवीर सिंह मछण्ड** : क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी को दिये गये अनुदान के लेखों को पिछले चार वर्षों से लेखा परीक्षा नहीं की गई है ;

(ख) क्या इसके बावजूद अकादमी को अनुदान दिये गये अथवा दिये जा रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) से (ग). मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल के 1974–75 तक के लेखों की मनदी लेखापाल द्वारा विधिवत लेखापरीक्षा हो चुकी है तथा वर्ष 1975–76 के लेखों की लेखापरीक्षा का कार्य चल रहा हैं । महालेखापाल मध्य प्रदेश ने अकादमी के वर्ष 1973–74 तक के परीक्षित लेखों की जांच भी कर ली है ।

विश्वविद्यालय स्तर की हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में पुस्तक निर्माण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत राज्य सरकारों को केन्द्रीय सहायता उपलब्ध की जाती है । राज्य सरकार मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी को अनुदान देती है ।

कालागढ़, तुमड़िया तथा अन्य बांधों के निर्माण के कारण जल की कमी

*419. **श्री मही लाल** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कालागढ़, तुमड़िया तथा अन्य बांधों के निर्माण के फलस्वरूप इन बांधों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेय तथा सिंचाई जल का अभाव हो गया है जिस से इस क्षेत्र में कृषि भूमि में सिंचाई की आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो रही है और मनुष्यों एवं पशुओं के पीने के पानी का गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इन क्षेत्रों में उत्पन्न इस संकट को दूर करने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं ?